चौथे टी-20 में भारत हारा

न्यूजीलैंड 87 रनों से जीता ग्लेन फिलिप्स का शतक

वेलिंटन (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का चौथा मुकाबला वेलिंगटन में खेला गया। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया, जो टीम इंडिया के लिए पूरी तरह गलत साबित हुआ। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 259 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 260 रनों के जवाब में टीम इंडिया 172 रन ही बना सकी और न्यूजीलैंड ने इस मैच को 87 रनों से जीत लिया। कीवी टीम की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने महज 49 गेंदों पर 107 रनों की तूफानी शतकीय पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने सिर्फ 25 गेंदों पर 65 रन ठोक डाले। इन दोनों बल्लेबाजों की आक्रामक पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने पहाड़ जैसा लक्ष्य खड़ा किया और भारत के सामने जीत के लिए 260 रनों की चुनौती रखी।




260 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम इंडिया ने पहले ही ओवर में अपने दो बड़े विकेट गंवा दिए। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन महज 4 रन बनाकर आउट हुए, जबकि वापसी कर रहे ईशान किशन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद उम्मीद थी कि अभिषेक शर्मा और कप्तान श्रेयस अय्यर पारी को संभालेंगे, लेकिन दोनों बल्लेबाज टीम को संकट से नहीं उबार सके।

भारत ने सिर्फ 56 रन के स्कोर तक अपने 4 अहम विकेट गंवा दिए थे। अभिषेक शर्मा ने 15 गेंदों में 27 रन बनाए, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर 11 गेंदों में 22 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद निचले क्रम में नितीश कुमार रेड्डी ने 10 गेंदों में 21 रन और नमनदीप ने 13 गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन तिलक वर्मा ने अंत में फाइट जरूर की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बता दें कि न्यूजीलैंड के खिलाफ यह टीम इंडिया की तीसरी बड़ी बार है।

जोकोविच ने गंवाया फेडरर की बराबरी का मौका

बासेल (एजेंसी)। नोवाक जोकोविच ने स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट में हारने के कारण स्विट्जरलैंड के दिग्गज रोजर फेडरर के करियर के 103 खिताब की बराबरी करने का मौका गंवा दिया। जोकोविच के पास फेडरर के गृहनगर बासेल में यह उपलब्धि हासिल करने का मौका था, लेकिन वह विश्व में 47वें नंबर के जर्मन खिलाड़ी जान-लेनार्ड स्ट्रफ से 6-7 (4), 7-5, 7-6 (5) से हार गये।



रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम एकल चैंपियन जोकोविच ने इस महीने बीजिंग में अपना 102वां टूर खिताब जीता था।

एटीपी टूर में सर्वाधिक 109 खिताब जीतने का रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम पर है। उनके बाद फेडरर और जोकोविच का नंबर आता है। शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन भी अपना आठवां करियर खिताब नहीं जीत पाएंगे।

उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले विश्व में 222वीं रैंकिंग के स्विस खिलाड़ी जेरोम किम से 6-3, 6-7 (4), 7-6 (1) से हार का सामना करना पड़ा।

वनडे सीरीज के लिए ऑकलैंड पहुंचे विराट

ऑकलैंड (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज से पहले विराट कोहली के ऑकलैंड पहुंचने पर एयरपोर्ट पर प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ गई।

एयरपोर्ट पर जुटी भीड़, फैंस ने घेरा

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने के बावजूद भारत के स्टार बल्लेबाज को देखने और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए फैंस बेताब दिखे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में समर्थक बैरिकेड्स के पीछे खड़े होकर कोहली का नाम लेते और तस्वीरें लेते नजर आए। कुछ फैंस ने उनके जन्मदिन के लिए एडवांस में शुभकामनाएं देने वाले पोस्टर भी ले रखे थे।

भीड़ के उत्साह को शांत करने के लिए कोहली ने हाथ उठाकर लोगों से संयम बरतने का इशारा किया। इस दौरान एक बेहद उत्सुक प्रशंसक लगातार ऑटोग्राफ की मांग कर रही थी, जिस पर भारतीय बल्लेबाज ने पहले उन्हें शांत रहने को कहा और फिर उनका पोस्टर साइन किया। अंत में सुरक्षाकर्मियों की मदद से वह भीड़ के बीच से बाहर निकल पाए। 37 वर्षीय कोहली शुक्रवार ऑकलैंड पहुंचे और भी टीम के साथ जुड़कर नेट्स में अभ्यास कर रहे हैं।



भारतीय वनडे स्क्वाड से जुड़ गए हैं। यह सीरीज चार नवंबर से ईडन पार्क में शुरू होगी। उनके साथी खिलाड़ी रोहित शर्मा एक दिन पहले ही ऑकलैंड पहुंच चुके थे, जबकि टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **शिव नंदन कुमार पुत्र** जय राम शाह **पताः** वार्ड नंबर 8, संतोष नगर, जलालगढ़ जिला पूर्णिया बिहार **E-FIR No: 80059068/2025, U/s: 303(2)/318(4) भारतीय न्याय संहिता–2023, Dt. 22.06.2025 पुलिस थानाः के.जी. मैट्रो, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिव नंदन कुमार,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिव नंदन कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **शिव नंदन कुमार, E-FIR No: 80059068/2025, U/s: 303(2)/318(4) भारतीय न्याय संहिता–2023, Dt. 22.06.2025 पुलिस थानाः के.जी. मैट्रो, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
राशि रहेजा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–13 केन्द्रीय
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15656/Metro/2026
(Court Matter)

मनीषा भानवाला ने रचा स्वर्णिम इतिहास

गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय पहलवान मनीषा भानवाला ने शुक्रवार को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया। उन्होंने महिलाओं के 59 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में अमेरिका की एबिगेल नेट को 8-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही मनीषा विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गईं। मनीषा की यह जीत इसलिए भी खास रही, क्योंकि फाइनल मुकाबले में वह एक समय 0-6 से पिछड़ रही थीं। हालांकि, उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अमेरिकी पहलवान को 8-6 से शिकस्त दी और भारत को ऐतिहासिक स्वर्ण दिलाया। मनीषा भानवाला विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय पहलवान बन गई हैं। उनसे पहले सुशील कुमार ने साल 2010 में पुरुषों के 66 किलोग्राम भारवर्ग में विश्व खिताब जीता था। अब मनीषा ने महिला कुश्ती में यह उपलब्धि हासिल कर भारतीय खेल इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इस बार विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप के एक ही संस्करण में पहली बार भारत की तीन महिला पहलवान स्वर्ण पदक मुकाबलों तक पहुंचीं। मनीषा भानवाला ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा, जबकि नीलम सिरोही (50 किलोग्राम) और काजल ढोचक (76 किलोग्राम) को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं, तनुमु शर्मा ने कांस्य पदक जीतकर भारत के पदकों की संख्या में इजाफा किया। मनीषा भानवाला ने फाइनल में पहुंचने से पहले सेमीफाइनल मुकाबले में कजाखस्तान की अल्तिन शागायेवा को एकतरफा अंदाज में हराया था। इसके बाद फाइनल में भी उन्होंने मुश्किल परिस्थिति से वापसी करते हुए खिताब अपने नाम किया। मनीषा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने भारतीय महिला कुश्ती को नई पहचान दी है। विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया है।



विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

बारिश से प्रभावित मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर बड़ौदा जीता

राजगीर। कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी एलीट के अंतर्गत राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बिहार अंडर-23 और बड़ौदा अंडर-23 के बीच खेला गया चार दिवसीय मुकाबला बारिश से प्रभावित रहने के कारण ड्रॉ पर समाप्त हुआ। लगातार बारिश के कारण मुकाबले के दो दिनों का खेल पूरी तरह नहीं हो सका। हालांकि, पहली पारी में बढ़त के आधार पर बड़ौदा अंडर-23 की टीम को विजेता घोषित किया गया। मुकाबले में पहले बड़ौदा की टीम ने पहली पारी में 55.3 ओवर में 175 रन बनाए। जवाब में बिहार अंडर-23 की टीम अपनी पहली पारी में 42.2 ओवर में 102 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बड़ौदा 73 रनों की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बड़ौदा की टीम ने 39 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए और पारी घोषित की। बारिश के कारण बिहार को खेलने का मौका नहीं मिला और पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर बड़ौदा को मुकाबले में विजेता घोषित किया गया।

कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी

भारतीय हॉकी टीम ने लगायी जीत की हैट्रिक

जापान को 4-1 से हराया, अभिषेक-हरमनप्रीत और विष्णुकांत ने दागे गोल

जालंधर (एजेंसी)। भारतीय हॉकी टीम का एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन जारी है। पांच बार की चैंपियन भारत ने शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में जापान को 4-1 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।



भारत की जीत के हीरो अभिषेक नैन रहे, जिन्होंने दो शानदार मैदानी गोल दागे। भारत की ओर से अभिषेक नैन ने 11वें और 51वें मिनट में गोल किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा, जबकि विष्णुकांत सिंह ने 56वें मिनट में मैदानी गोल कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। जापान की ओर से एकमात्र गोल शोता यामादा ने 15वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर किया।

मुकाबले की शुरुआत में जापान ने आक्रामक रुख अपनाया और दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। हालांकि, जापानी खिलाड़ी केन नागायोशी का प्रयास लक्ष्य से चूक गया। शुरुआती मिनटों में भारतीय मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन के बीच तालमेल की कमी नजर आई। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने खेल को संभालने की कोशिश की। इसी बीच 11वें मिनट में भारत ने शानदार मूव बनाते हुए बढ़त हासिल कर ली। हार्दिक सिंह ने सर्कल के अंदर सुखजीत सिंह को गेंद दी, जिन्होंने अभिषेक को पास दिया। अभिषेक ने गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। यह अभिषेक का 150वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला भी था। हालांकि, जापान ने हार नहीं मानी। पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। दूसरे प्रयास के दौरान गेंद भारतीय खिलाड़ी संजय के शरीर से टकराई, जिसके बाद जापान को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। 15वें मिनट में शोता यामादा ने इसे गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद जापान ने मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाया और भारतीय खिलाड़ियों को गोल करने के ज्यादा मौके नहीं दिए। पहले हाफ की समाप्ति तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारत ने गोल करने के कुछ अच्छे मौके बनाए, लेकिन जापानी गोलकीपर ताकुमी कितागावा ने शानदार बचाव किया। 36वें मिनट में जापान को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सका। तीन क्वार्टर तक स्कोर 1-1 रहने के बाद भारतीय टीम ने आखिरी 15 मिनट में आक्रामक खेल दिखाया। 46वें मिनट में भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शानदार लो फ्लिक के जरिए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी।



पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन अंतिम चार में

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने हाइलो ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उनके साथ युवा भारतीय खिलाड़ी अनमोल खरब ने भी अंतिम-4 में प्रवेश किया। इसके साथ ही महिला सिंगल्स में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला तय हो गया है। वहीं, पुरुष सिंगल्स में लक्ष्य सेन ने शानदार वापसी करते हुए सेमीफाइनल का टिकट कटाया।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की अमाली शुल्ज को सीधे गेमों में 21-12, 21-10 से हराया। फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद सिंधू ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। उन्होंने महज 28 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। पूरे मैच में सिंधू का दबदबा देखने को मिला। उन्होंने खेले गए कुल 64 अंकों में से 42 अंक अपने नाम किए।

दूसरी ओर, अनमोल खरब ने महिला सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में हमवतन और छठी वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा को कड़े मुकाबले में शिकस्त दी। अनमोल ने एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 18-21, 21-16 से जीत दर्ज की। अब सेमीफाइनल में पीवी सिंधू और अनमोल खरब आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले के साथ ही महिला सिंगल्स में भारत का एक खिलाड़ी फाइनल में पहुंचना तय हो गया है। दोनों खिलाड़ियों की नजरें अब खिताबी मुकाबले में जगह बनाने पर होंगी।

पुरुष सिंगल्स में भारत के लक्ष्य सेन ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम-4 में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने फिनलैंड के काले कोलजोनेन को तीन गेम तक चले मुकाबले में 14-21, 21-17, 21-13 से हराया। पहला गेम गंवाने के बाद लक्ष्य ने दमदार वापसी की और अगले दोनों गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। एक घंटे छह मिनट तक चले इस मुकाबले में लक्ष्य ने अपने खेल का स्तर बेहतर करते हुए जीत हासिल की। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन अब सेमीफाइनल में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। इस तरह हाइलो ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है और अब सभी की निगाहें सेमीफाइनल मुकाबलों पर टिकी हैं।

52वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप की तैयारियां अंतिम चरण में

पटना। अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बिहार राज्य कबड्डी संघ और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की मेजबानी और खेल विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से स्थानीय पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर हॉल में आगामी 1 से 4 नवंबर तक आयोजित होने वाली 52वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप 2026 की तैयारियां अंतिम चरण में है। यह जानकारी देते हुए आयोजन सचिव कुमार विजय सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों का आना शुरू हो गया है। केरल समेत 5 टीमें पटना पहुंच चुकी हैं और बाकी टीमें आज देर रात और 31 अक्टूबर यानी शनिवार को दोपहर तक पहुंच जायेंगी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कबड्डी जगत की कई जानी-पहचानी हस्तियों की मौजूदगी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली भारतीय महिला टीम की सदस्य बिहार के बेगूसराय जिला की रिया कुमारी भी यहां पहुंचेंगी। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित बलवान सिंह, जो 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक रहे हैं, भी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम के सदस्य अर्जुन देशवाल और बिहार के प्रो कबड्डी खिलाड़ी संदीप कुमार की मौजूदगी भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएगी। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर होगा। टूर्नामेंट के दौरान प्रो कबड्डी लीग की विभिन्न फ्रेंचाइजी टीमों के स्काउट, प्रशिक्षक और टीम प्रबंधन से जुड़े सदस्य भी पटना पहुंचेंगे। वे मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे और अपनी-अपनी टीमों के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करेंगे।

इसके साथ ही प्रतियोगिता के दौरान जूनियर भारतीय कबड्डी टीम के संभावित खिलाड़ियों का भी चयन किया जाएगा। इसके लिए अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से तीन सदस्यीय समिति पटना भेजी जा रही है। इस समिति में भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व प्रशिक्षक ई भास्करन, अर्जुन अवार्डी मनजीत चिल्लर और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रिशांत देवारिकर होंगे। इस तरह प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के पास राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर होगा।

वैशाली पूर्वी चंपारण, पटना और भोजपुर बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में

पटना। कुशवाहा आश्रम हाजीपुर में आयोजित ग्यारहवीं बिहार स्टेट सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में खराब मौसम के बावजूद खेल मुकाबले लगातार जारी हैं।



प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, खेल कौशल और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के बालिका टीम वर्ग में वैशाली, पूर्वी चंपारण, पटना और भोजपुर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। वहीं बालक एवं बालिका वर्ग के एकल मुकाबलों में दूसरे राउंड का खेल जारी है। सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिकूल मौसम के बावजूद खिलाड़ियों का उत्साह और खेल के प्रति समर्पण सराहनीय है। राज्य के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी पूरे जोश और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।

मुंगेर प्रमंडल बना ओवरऑल चैंपियन

पटना। राज्य स्तरीय (अंतर प्रमंडल) विद्यालय बालिका अंडर-14 एवं अंडर-19 ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता के दौरान दोनों आयु वर्गों के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मुंगेर प्रमंडल की खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में सर्वाधिक स्वर्ण पदक हासिल किए और अपनी टीम को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला तथा विद्यालय स्तर पर बालिका ताइक्वांडो को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई। सोमवार को संपन्न मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार हैं-



बालिका अंडर-14 : 24-26 किलोग्राम भार वर्ग- साक्षी - मुंगेर प्रमंडल, गौरवी वर्णवाल -दरभंगा प्रमंडल, बालिका अंडर-19 : 42-44 किलोग्राम भार वर्ग, आशु - सारण प्रमंडल, अनन्या - तिरहुत प्रमंडल, 49-52 किलोग्राम भार वर्ग - तृप्ति अंचल - मगध प्रमंडल, कुमारी आकांक्षा - सारण प्रमंडल, 59-63 किलोग्राम भार वर्ग-कशिश रंजन - मगध प्रमंडल, अनन्या वात्सल्य - भागलपुर प्रमंडल।

ADITYA VISION

ADITYA VISION LIMITED

CIN - L32109BR1999PLC008783
Reg. office- Aditya House, M-20, Road No. 26, S K Nagar, Patna-800001, Bihar
Email: cs@adityavision.in; website: www.adityavision.in

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2026

The Board of Directors of the Company, at meeting held on Friday, October 30, 2026 approved the Unaudited Financial Results of the Company, for the quarter and half year ended September 30, 2026.

The Result along with Limited Review Report have been posted on the Company's website at **https://adityavision.in/investors/disclosures-under-regulation-46-lodr.html.** and can be accessed by scanning the QR Code.

Place:- Patna
Date:- October 30, 2026

By order of the Board
For ADITYA VISION LIMITED
Sd/-
Yashovardhan Sinha
Managing Director
DIN- 01636599

Note:- The above intimation is in accordance with Regulation 33 read with 47(1) of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015.